# स्व० चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक ट्रस्ट

सेवराई, मदौरा, जिला–गाजीपुर
Mob.: 9415338161

पत्रांक.........    दिनांक 02/06/22

## स्व0 चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक ट्रस्ट की बैठक दिनांक 06/05/2022 का कार्यवृत

दिनांक 02/06/2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेंडा के आलोक में आज दिनांक 06/05/2022 को **"स्व0 चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक ट्रस्ट" सेवराई, मदौरा, जिला–गाजीपुर,** उत्तर प्रदेश के प्रबंध कारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष / चेयरमैन उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में **स्व0 चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक ट्रस्ट** के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेंडा के आलोक में बैठक आरंभ हुई

एजेंडा :–

1. प्रबंध समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2. पूर्व प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | उमाशंकर सिंह | अध्यक्ष / मैनेजिंग ट्रस्टी / चेयरमैन | उमाशंकर |
| 2. | अशोक कुमार सिंह | उपाध्यक्ष / वाइस चेयरमैन | अशोक |
| 3. | प्रभुनरायन राम | सचिव | |
| 4. | उदय प्रताप सिंह यादव | उपसचिव | |
| 5. | भीमसेन सिंह | सदस्य | |
| 6. | रमेश चन्द सिंह | सदस्य | |
| 7. | राजेश तिवारी | सदस्य | |
| 8. | हीरालाल यादव | सदस्य | |

गणपति को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरंभ हुई :–

**प्रस्ताव –1–** प्रबंध कारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

**प्रस्ताव–2–** उदय प्रताप सिंह यादव उपसचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए ट्रष्ट द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिस के क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाई कोर्ट में रिट भी दाखिल की गई है। अतः ट्रस्ट द्वारा रामपुर, कनवां, सेवराई, जिला–गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फ़ार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रामपुर, कनवां, सेवराई, जिला–गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना संबंधी कार्यवाही हेतु अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह को अधिकृत किया गया तथा उक्त कालेज की स्थापना में जैसे भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन

उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्य हेतु भी अध्यक्ष उमाशंकर सिंह को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–3–** प्रभुनरायन राम सचिव ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज नाम प्रस्तावित किया।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज का नाम चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज रखने का समर्थन किया।

**प्रस्ताव–4–** उदय प्रताप सिंह यादव उपसचिव यह प्रस्ताव किया प्रस्तावित कालेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा रामपुर, कनवां, सेवराई, जिला–गाजीपुर (उ0प्र0) में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं0 198 रकबा 0.8640 हे0, में 0.810 हे0 (2.10 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्वसम्मति से गरामपुर, कनवां, सेवराई, जिला–गाजीपुर में उपलब्ध से ट्रस्ट की भूमि गाटा सं0 198, रकबा 0.8640 हे0 में 0.810 हे0 (2.10 एकड़) को चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया गया तथा अध्यक्ष श्री उमाशंकर सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–5–** भीमसेन सिंह सदस्य ने प्रस्तावित चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज के सुगम संचालन एवं प्रबंध हेतु ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री उमाशंकर सिंह को उक्त कालेज के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/ President) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री उमाशंकर सिंह को प्रस्तावित चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/ President)/चेयरमैन के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन सभा ने प्रस्तावित चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक फार्मेसी कालेज की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियों के निष्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय प्रस्तावना होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद उपरान्त सभा की कार्यवाही समपन्न हुयी।

अध्यक्ष
स्व0 चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री
स्मारक ट्रस्ट, सेवराई भतौरा
गाजीपुर